शासन द्वारा मान्यता प्राप्त ॥ संघे शक्ति कलयुगे ॥ पंजीयन क्र.03473/12/11/73

मध्यप्रदेश पटवारी संघ

उपेन्द्र सिंह बाघेल
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी टंकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893755595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

धर्मेन्द्र शर्मा
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com

क्रमांक / 135 / पट संघ / 2024 भोपाल दिनांक 19/ 12/2024

प्रति,

श्रीमान प्रमुख सचिव राजस्व
वल्लभ भवन भोपाल
भोपाल मध्यप्रदेश

विषय :- सुझाव दिए जाने बावत।

सन्दर्भ:- प्रमुख राजस्व आयुक्त महोदय मध्यप्रदेश भोपाल का पत्र क्र एफ़-3/मु-स्था/ प्र.रा.आ. / 2024 /9259 भोपाल दिनांक 16.12.2024

---00---

महोदय,

विषयान्तर्गत व संदर्भित पत्र के क्रम में निवेदन है कि प्रमुख राजस्व आयुक्त कार्यालय और आयुक्त भू-अभिलेख कार्यालय का एकीकरण एवं अधीनस्थ कार्यालयो का पुनर्गठन किये जाने के क्रम में प्रदेश में कार्यरत पटवारियों की ओर से निम्नानुसार सुझाव प्राप्त हुए है।

1. वर्तमान में पटवारी द्वारा राजस्व निरीक्षक के सभी कार्य किये जा रहे है अतः समान कार्य समान वेतन व योग्यता अधिक होने से विभागीय सेटअप में राजस्व निरीक्षक व पटवारियों का समायोजन/मर्ज कर सभी का वेतनमान ग्रेड पे 2800 किया जाए अथवा पटवारियों की योग्यता स्नातक व कंप्यूटर डिप्लोमा होने, उनके द्वारा तकनीकी कार्य करने को द्रष्टिगत रखते हुए विभागीय सेटअप में समकक्ष योग्यता वाले पदों के अनुरूप पटवारी के ग्रेडपे का उनयन कर 2800 किया जाए ताकि वेतन विसंगति ना रहे ।
2. विभागीय सेटअप में पटवारी को पदोन्नति के अवसर प्रदान करते हुए राजस्व निरीक्षक के शत प्रतिशत पद व नायब तहसीलदार के न्यूनतम 50 प्रतिशत पद पटवारियों से विभागीय पदोन्नति के द्वारा भरे जाए अथवा पटवारी कैडर पुनर्गठन रिपोर्ट को तुरंत लागू किया जाए।

मध्यप्रदेश पटवारी संघ

उपेन्द्र सिंह बाघेल
प्रान्ताध्यक्ष म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
पानी संकी के पास दक्षिण करौंदिया
जिला-सीधी (म.प्र.) मो.-9893755595
Email : baghel.upendra@yahoo.in
mppatwarisanghbhopal@gmail.com

धर्मेन्द्र शर्मा
महामंत्री म.प्र. पटवारी संघ भोपाल
268, अम्बिकापुरी एक्स, एयरपोर्ट रोड, इन्दौर (म.प्र.)
मो. 94245-51455, 76930-51455
Email : dharmendra4528@gmail.com

3. हल्का स्तर पर पटवारियों के बहुआयामी विविध कार्यो के संपादन को देखते हुए पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के रोजगार सहायक की तर्ज पर पटवारियों को कार्य में सहयोग करने हेतु एक राजस्व सहायक का पद सृजित किया जाए।
4. विभागीय सेटअप में अन्य कर्मचारियों की भांति पटवारियों की सी.आर भी स्पैरो पोर्टल के माध्यम से भरी जाने की व्यवस्था हो तथा सी.आर न भरे जाने के अभाव में पटवारियों का समयमान वेतनमान ना रोका जाए।
5. पटवारी द्वारा तकनीकी व प्रशासनिक कार्य संपादन को द्रष्टिगत रखते हुए पटवारी का पदनाम परिवर्तित कर सहायक राजस्व अधिकारी अथवा सहायक ग्रामीण राजस्व अधिकारी अथवा सहायक राजस्व निरीक्षक किया जाये।
6. विभागीय सेटअप में पटवारी पद पर कार्यरत कर्मचारी को फील्ड के अतिरिक्त कार्यालय में पदस्थ करने हेतु भी उपर्युक्त पद स्रर्जित किये जाये ताकि कर्मचारी के ज्ञान अनुभव का समग्र उपयोग शासन हित में किया जा सके।
7. विभागीय सेटअप में पटवारियों के बहुआयमी कार्यो को द्रष्टिगत रखते हुए उनके सभी भत्तो का उनयन किया जाये।

श्रीमान से निवेदन है कि उपरोक्तानुसार सुझावो पर अमल हेतु आदेश प्रसारित करने का कष्ट करें।

उपेन्द्र सिंह बाघेल
प्रांताध्यक्ष
म प्र पटवारी संघ भोपाल